टीकमगढ़

नवभारत
भोपाल, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

एक नजर में

नेशनल लोक अदालत आज

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आज 13 को नेशनल लोक अदालत आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा एडीआर भवन जिला न्यायालय में आयोजित की जाएगी।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों का अधिक संख्या में निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग के लगभग प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु सम्पूर्ण जिले में कुल 29 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिसमें मुख्यालय पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास की खण्डपीठ सहित 15 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया। न्यायालय की 5 न्यायिक खण्डपीठ, सिविल न्यायालय निवाड़ी की 5 न्यायिक खण्डपीठ, सिविल न्यायालय ओरछा अदालत की खण्डपीठ का गठन किया गया।

...अगर मेरी हत्या होती है, तो इन्हीं पर केस बने

आबकारी की कार्यवाही पर युवक ने उठाए सवाल

बोला मुझे फंसाने रचे जा रहे हैं बार-बार षड्यंत्र

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

...अगर मेरी हत्या होती है, तो इन्हीं पर केस बने, मेरे परिवार पर कोई आंच आती है, तो इन पर ही केस बने..। मैं बहुत प्रताड़ित हूं और मैं आत्महत्या भी कर सकता हूं। इन लोगों की प्रताड़ना से मैं कई बार आईजी ऑफिस, डीजीपी ऑफिस सबको लिखित दे चुका था कि सर इन पर कार्यवाही की जाए। इन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई इसलिए इनके हौसले बुलंद हैं। यह आरोप शहर के एक शिक्षक रुद्र रघुराज ने पूर्व थाना प्रभारी पंकज शर्मा, सुनील शर्मा, पुलिस ड्राईवर कपिल शर्मा, पुलिसकर्मी राहुल यादव सहित संजू गुखरई, आकश तिवारी एवं शुभम रिछारिया पर एक वीडियो जारी कर लगाए हैं।

दरअसल शुक्रवार की तड़के आबकारी पुलिस का अमला रुद्र रघुराज के सागर मार्ग पर स्थित एक ढावे पर पहुंचा जहां से आबकारी की पुलिस ने 50 पेटी अवैध शराब जब्त की। इसी कार्यवाही के बाद एक वीडियो रुद्र रघुराज ने चार पहिया में बैठकर जारी किया और पुराने थाना प्रभारियों सहित वर्तमान में पदस्थ कई पुलिसकर्मियों सहित अन्य लोगों पर गंभीर आरोप जड़ दिए।

रुद्र रघुराज ने वीडियो में कहा है कि पंकज शर्मा की लोकायुक्त में शिकायत करना उन्हें महंगा पड़ रहा है। अब सारे लोग एकत्रित होकर उन पर षणयंत्र रचकर फंसाने में लगे हुए हैं।

वहीं इस मामले में आबकारी के जिला प्रभारी आबकारी अधिकारी हसन गोईया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आबकारी की पुलिस ने सागर मार्ग पर स्थित एक ढावे में दबिश दी जहां से 50 अवैध शराब की पेटियां जब्त की गई एवं अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर

मामले को विवेचना में लिया गया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। हालांकि आबकारी की इस कार्यवाही पर रुद्र ने तमाम सवाल खड़े कर दिए हैं।

रुद्र ने साफ तौर पर वीडियो जारी कर कहा है कि उनके द्वारा पंकज शर्मा थाना प्रभारी की लोकायुक्त में शिकायत की गई थी, जिसके राजीनामा को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता शुभम रिछारिया भी इसमें शामिल हैं। यह सभी मिलकर मुझे फंसाने में लगे हैं।

अंत में रुद्र ने यही कहा कि वह इतने पीड़ित हैं कि आत्महत्या जैसा कदम भी उठा सकते हैं। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को की गई शिकायतों को भी सार्वजनिक किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी से लेकर आईजी एवं मानवाधिकार तक इनकी शिकायत दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर के निर्देशन में हुई है कार्रवाई

इस पूरे मामले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में आबकारी की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर सागर मार्ग पर स्थित एक ढावे से 50 अवैध शराब की पेटियों को बरामद किया है। पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही अभी अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34/2 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

हसन गोईया, प्रभारी आबकारी अधिकारी, टीकमगढ़

मौसम में दिनों-दिन हो रहा बदलाव

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

गुरुवार की रात का तापमान घटकर 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 26.8 और न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 से 6 दिनों तक आसमान साफरहने की संभावना है। इस दौरान दिन में अच्छी धूप निकलेगी जिससे अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। वहीं रात का तापमान घटकर 8 से 9 डिग्री के बीच रह सकता है। दिन में धूप निकलने और रात में ठंड के साथ ओस गिरने से रबी फसलों को काफी फायदा हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक योग रंजन ने बताया कि गेहूं, चना, सरसों सहित सब्जी की फसलों की वृद्धि के लिए यह मौसम काफी अनुकूल है। गुरुवार की रात का तापमान घटकर 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है।

शराब दुकान के पास फैला पड़ा रहता है भीषण कचरा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर के अंबेडकर तिराहा से मऊ चुंगी रोड पर स्थित कम्पोजिट शराब दुकान स्थानीय निवासियों के लिए समस्या का सबब बन चुकी है। स्थानीय निवासियों ने इससे परेशान होकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि लोग शराब खरीदकर दुकान के आसपास ही शराब पीने बैठ जाते हैं और शराब पीने के बाद प्लास्टिक के गिलास और बोतलें वहीं छोड़ देते हैं। इससे जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। लोगों ने बताया कि शासन द्वारा अहातों पर प्रतिबंध होने के बावजूद यहां अघोषित अहाता चल रहा है। सुबह से रात तक शराबियों का जमावड़ा रहता है। बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

शराब दुकान के कर्मचारियों का कहना है कि दुकान में अहाते की अनुमति नहीं है। वह लोगों को दुकान के पास शराब पीने से नहीं रोक सकते। उनके अनुसार आसपास की सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। अधिकारियों ने कहा कि जानबूझकर कचरा फैलाया जा रहा है तो दुकान संचालक और ठेकेदार के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाएगी।

अचानक शासकीय शाला में पहुंचे कलेक्टर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

दिगौड़ा क्षेत्र की शासकीय शालाओं में अचानक कलेक्टर पहुंचे जहां उन्होंने वहां का निरीक्षण कर बच्चों से शिक्षा के बारे में जानकारी ली।

शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय दिगौड़ा तहसील क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समुदायिक शौचालय, विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए जमीन आवंटन, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, बाजार बैठकी को शिफ्ट करने के लिए जगह का चयन करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि,जनपद पंचायत जतारा सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा, ग्राम पंचायत दिगौड़ा सचिव सोबरन घोष, सह सचिव एवं पटवारी उपस्थित रहे। कलेक्टर के निरीक्षण के सरकारी महकमें में खलबली मच गई हर कोई चिंता में पड़ गया कहीं उनके यहां कलेक्टर न जा पहुंचे।

सुधरने का नाम नहीं ले रही ट्राफिक व्यवस्था

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण आए दिन जाम लगता है। हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है।

शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो, नजाई मंडी, मजदूर चौराहा में जाम जैसी स्थिति देखने को मिलती है। इसके साथ ही कोतवाली के ठीक बगल में स्थित प्रधानपुरा की गली में अधिक दुकानदारों द्वारा सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण करने से जाम लगता है। स्टेट बैंक से पपौरा चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर देखने को मिल रहा है कि दुकानदारों ने दुकानों का सामान सड़कों पर जमा रखा। इतना ही नहीं इन दुकानदारों की पार्किंग न होने के कारण लोग सामान खरीददने के दौरान अपने वाहन सड़कों पर खड़े कर देते हैं इसलिए जाम से लोगों की हालत खराब हो जाती है। इस इलाके में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक हालात बेहद खराब रहते हैं।

23 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित छः राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार इन 6 राज्यों में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन और गणना की अवधि को आगे बढ़ाया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में अब 18 दिसम्बर तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा तथा 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। इसके बाद फरवरी 2026 में फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाताओं से फार्म 6 शामिल करने के लिए और घोषणा पत्र भरकर अपने बूथ स्तर के अधिकारियों के पास जमा करने या वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर गौ सेवक संघ का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्य प्रदेश गौ सेवक संघ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग को पंचायत स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है।

संघ के जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य का जिक्र किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग को पंचायत स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है। पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत स्तर पर मैत्री कार्यकर्ता विभाग के दुग्ध उत्पादन लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। पंचायत स्तर पर विभागीय गतिविधियों और अभियानों जैसे दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण, पशुओं में टैगिंग और प्राथमिक उपचार जैसी योजनाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में मैत्री कार्यकर्ताओं को केवल 5 रुपये का आश्वासन दिया जा रहा है। संघ का कहना है कि यह राशि काम और समय के हिसाब से बहुत कम है जिसके कारण कार्यकर्ता काम करने में असमर्थ हैं। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि मैत्री कार्यकर्ताओं को पंचायत स्तर पर एक निश्चित मानदेय दिया जाए। इससे उनके परिवार का भरण-पोषण हो सकेगा और वे विभाग का कार्य पूरी लगन और मेहनत के साथ कर पाएंगे।

मध्य प्रदेश गौ सेवक संघ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

खाद को लेकर प्रशासन ने किया सोसाइटियों का निरीक्षण

खाद वितरण प्रणाली व्यवस्था में किया बदलाव

एसडीएम कई जगह व्यवस्था देखने पहुंचीं

नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।

यूरिया खाद के लिए शुक्रवार सुबह से किसानों की लंबी कतारें लगी हैं। गुरुवार को यूरिया खाद का एक रैक पहुंचा था। जिसमें लगभग 60 हजार बोरियां आई हैं। जिला प्रशासन ने आज से खाद वितरण के लिए नई व्यवस्था लागू की है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन अनुसार किसानों को संबंधित सहकारी समिति में पैसे जमा कर रसीद एवं गेट पास लेना होगा। वहीं कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सोसाइटियों का निरीक्षण किया।

इस नई व्यवस्था के तहत किसानों को संबंधित सहकारी समिति में पैसे जमा कर रसीद और गेट पास लेना होगा। इसके बाद ही उन्हें नकद खाद वितरण केंद्र से यूरिया खाद मिल सकेगी। ग्राम पंचायत शिवपुरी की प्राथमिक साख सहकारी समिति में किसानों की लंबी कतारें देखी गईं। व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने किसानों से शांति बनाए रखने और प्रशासन की मदद करने की अपील की। एसडीएम ने बताया कि आज जिले भर की सोसाइटियों पर नकद पैसे जमा कर रसीद और गेट पास का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जहां किसानों की संख्या कम है वहां आवश्यकतानुसार खाद बांटा जाएगा और जहां अधिक किसान वंचित हैं वहां अतिरिक्त खाद की व्यवस्था की जाएगी।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिनके पास पहले से खाद के टोकन हैं उन्हें आज खाद का वितरण किया जा रही है। बाकी किसानों को आज से सहकारी समितियों के माध्यम से नकद पैसे जमा कर रसीद और गेट पास दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक आया है और अगले दो से तीन दिनों में लगभग सभी किसानों को खाद उपलब्ध करा दिया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सोसाइटियों का निरीक्षण किया। इसके अलावा एसडीएम और तहसीलदार भी लगातार खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी में लगे हुए हैं। जिसमें लगभग 60 हजार बोरियां आई हैं। जिला प्रशासन ने आज से खाद वितरण के लिए नई व्यवस्था लागू की है।

फ्लैग मार्च नवागत एसपी सड़कों पर निकले

शांति व्यवस्था कायम रखने पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

एसपी आलोक कुमार ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापारियों और आमजन से बातचीत की। साथ ही लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्क करने और दुकानों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की भी समझाइश दी।

दरअसल फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों जैसे मिश्रा तिराहा, लुकमान चौराहा, कटरा बाजार, जवाहर चौक, पुरानी नगर पालिका, लक्ष्मी टॉकीज, सुभाष बुक डिपो, स्टेट बैंक चौराहा, गांधी चौराहा, घंटा घर, पुराना बस स्टैंड और जयस्तंभ से गुजरा। फिर बापस दोबारा कोतवाली परिसर में समाप्त हुआ। एसपी आलोक कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना और समाज-विरोधी और आपराधिक तत्वों में कानून का भय स्थापित करना है। जवाहर चौराहा पर एसपी ने बाजार क्षेत्रों में व्यापारियों और आमजन से सीधा संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्क करने और दुकानों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की भी समझाइश दी। एसपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है। एसपी ने सभी व्यापारियों और आमजन से सहयोग करते हुए शहर में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाने में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से शांति सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने का आग्रह किया। एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सजगता और तत्परता के साथ प्रतिबद्ध है। शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्क करने और दुकानों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की भी आपील की है।

यह पुलिस अफसर रहे मौजूद

इस फ्लैग मार्च में एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, कनक सिंह चौहान,देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव, थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह घोष, सूबेदार उत्तम सिंह सहित थाना कोतवाली, देहात, अजाक, महिला थाना और पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। वहीं एसपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है।

नाप तौल उपकरणों की हुई जांच

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रभारी निरीक्षक नाप तौल द्वारा आरएस दहायत द्वारा पूर्व में भ्रमण के दौरान ग्राम देरी पुलिस चौकी देरी, तहसील खरगापुर में ग्राम देरी के व्यापारियों के नाप तौल उपकरणों की जांच की गई थीं। जांच के दौरान अवैध एवं अमानक असत्यापित नाप तौल उपकरण व्यवसाय में उपयोग करते पाये जाने पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध प्रकरण दोषी व्यापारियों के विरूद्ध अपराध प्रकरण दर्ज किये गए है।

ग्राम देरी के व्यापारियों द्वारा शासन से राजीरामा हेतु आवेदन पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये गये थे व्यापारियों द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया था जिस पर सहायक नियंत्रक नाप तौल सागर द्वारा व्यापारियों के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माना किया गया।

चेकिंग कर 41 वाहनों से वसूला शुल्क

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

सड़क सुरक्षा को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पूरे जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है।

पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में यह अभियान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सक्रिय रूप से चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुख्य मार्गों, चौकों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की गहन जांच करते हुए नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के अनिवार्य पालन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वाहनों की कठोर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह तथा एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा के पर्यवेक्षण कुल 295 वाहनों की जांच की गई जिनमें से 41 वाहनों पर 12.400 के चालान जारी किए गए।सड़क सुरक्षा को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पूरे जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है।अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं नागरिकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन केवल दंड से बचने का माध्यम नहीं बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा का अनिवार्य सिद्धांत है। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वाहनों की कठोर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं।